




# न्यूज़ लेटर
## उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो

दिसम्बर-2017

**अन्दर के पृष्ठों पर........**

- उपलब्धियाँ
- सराहनीय कार्य
- आगामी गतिविधियाँ
- कल्याणकारी कार्य

आदेश, गोष्ठी एवं भ्रमण

तकनीकी स्तम्भ

विविध

## सन्देश



उ0प्र0 पुलिस रेडियो के मासिक न्यूज़ लेटर के प्रथम अंक के प्रकाशन के अवसर पर उ0प्र0 पुलिस रेडियो के मुखिया के रूप में मुझे हार्दिक प्रसन्नता हो रही है। स्वतंत्रता के पूर्व से ही स्थापित यह संगठन अपनी लगभग 80 वर्ष की यात्रा में उच्च कोटि की संचार व्यवस्था उपलब्ध कराता रहा है। पुलिस रेडियो कार्मिकों ने विभिन्न अवसरों पर उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्यो से सम्पूर्ण भारत वर्ष में संगठन की विशिष्ट पहचान स्थापित की है।

इस संगठन को पुष्पित एवं पल्लवित करने में तथा अपनी कल्पना की आधारशिला रख क्षितिज तक ले जाने में कर्मयोगी पद्म श्री श्री छत्रपति जोशी जी के अविस्मरणीय योगदान को भी मैं याद कर गर्व का अनुभव कर रहा हूँ।

इस लेटर के माध्यम से कर्मचारियों के उल्लेखनीय कार्य एवं महत्वपूर्ण योगदान के साथ-साथ उनकी प्रतिभाओं की भी जानकारी हो सकेगी।

इस न्यूज़ लेटर के माध्यम से हम पुलिस रेडियो की बहुमुखी प्रतिभाओं एवं कर्मचारियों के सुविचारों एवं तकनीकी कौशल के साथ-साथ इसकी गौरवशाली परम्पराओं एवं समृद्ध इतिहास से भी परिचित होंगे।

यह न्यूज़ लेटर कार्मिकों के विचार-विनिमय का सशक्त साधन बने और इसके आगामी अंकों में तकनीकी जानकारी के साथ-साथ सेवानिवृत्त एवं अनुभवी कार्मिकों के समालोचक मार्ग-दर्शन से ज्ञान की अविरल धारा सभी कार्मिकों को लाभान्वित करेगी, ऐसा मेरा विश्वास है।

मैं पुलिस रेडियों की उत्तरोत्तर वृद्धि तथा सभी के उज्जवल एवं सुखद भविष्य की कामना करता हूँ।

(प्रमोद कुमार तिवारी)
पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उ0प्र0

## उपलब्धियाँ

1. माह अक्टूबर–नवम्बर/2017 में मेरठ एवं वाराणसी जोन में मा0 मुख्यमंत्री, उ0प्र0 के 11 तथा मा0 मंत्रीगण, उ0प्र0 सरकार/मा0 मंत्रीगण, भारत सरकार एवं विशिष्ट अतिथियों के लगभग 200 भ्रमण कार्यक्रमों के दौरान निर्विघ्न पुलिस संचार व्यवस्था स्थापित करायी गयी।

2. जनपद आगरा में दिनांक 05.10.2017 को यूरोपियन कमीशन के महामहिम राष्ट्रपति, दिनांक 26.10.2017 को मा0 मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश, दिनांक 04.11.2017 को अर्मीनिया के महामहिम राष्ट्रपति एवं बेल्जियम के महामहिम राजा एवं रानी के भ्रमण कार्यक्रम के दौरान निर्विघ्न पुलिस संचार व्यवस्था स्थापित करायी गयी।

3. माह अक्टूबर–नवम्बर/2017 में गोरखपुर जोन में मा0 मुख्यमंत्री, उ0प्र0 के 04 भ्रमण कार्यक्रमों के दौरान निर्विघ्न पुलिस संचार व्यवस्था स्थापित करायी गयी।

## सराहनीय कार्य

1. दिनांक 31.10.2017 को जनपद आगरा में समय 0637 बजे सूचनाकर्ता दीपक ने मोबाइल नं0 9759030498 से यू0पी0–100 को ईवेन्ट नं0 684 के माध्यम से सूचना दी कि गोल चौराहा रिंगरोड थाना खंदौली एन0एच0–3 से चार बदमाश एक अर्टिगा कार रंग सफेद नम्बर एचआर 38–4098 लूट कर भागे हैं। इस सूचना से पुलिस कन्ट्रोल रूम आगरा द्वारा उच्चाधिकारियों को अवगत कराते हुये सीक्यू करके शहर/देहात में बैरियर डलवाकर सघन चैकिंग कराई गयी परिणामस्वरूप उक्त लूटी गयी गाड़ी पीआरवी 54 द्वारा समय 1420 बजे गॉव अहेला थाना सैंया पर बरामद कर ली गयी। बदमाश गाड़ी छोड़ कर फायरिंग करते हुये जंगल की ओर भागे। बदमाशों का फोर्स द्वारा लगातार पीछा करने के बाद समय 1515 बजे बदमाश पकड़ लिये गये।

उच्चाधिकारियों द्वारा पुलिस कन्ट्रोल रूम के कार्य की तथा जनपद नियंत्रण कक्ष, आगरा में डयूटीरत प्रधान परिचालक/4341 तेजवीर सिंह एवं प्रधान परिचालक/5372 ध्रुवेन्द्र कुमार के सराहनीय कार्य की प्रशंसा की गयी। दिनांक 05.11.2017 को अपराध गोष्ठी में पुलिस महानिरीक्षक, आगरा परिक्षेत्र द्वारा प्रशस्ति पत्र के साथ–साथ एक–एक हजार रूपये के नगद पुरस्कार से इन्हें पुरस्कृत किया गया।

2. दिनांक 29.10.17 को कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में भारत एवं न्यूजीलैण्ड के मध्य आयोजित एक दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय दिन/रात्रि क्रिकेट मैच के दौरान 80 स्टैटिक/मोबाइल एवं 200 हैण्डहेल्ड सेट प्रयोग करते हुए संचार व्यवस्था व होटल लैण्डमार्क में अस्थायी कण्ट्रोल रूम की स्थापना की गयी। संवेदनशील स्थलों एवं होटल लैण्ड मार्क में प्लेयर्स फ्लोर पर अवांछनीय तत्वों की निगरानी हेतु पर्याप्त संख्या में 20 सीसीटीवी कैमरे भी स्थापित किये गये। इस अवसर पर मा0 राज्यपाल, उ0प्र0 की गरिमामयी उपस्थिति भी रही।


3. दिनांक 24.10.2017 को जनपद–उन्नाव के थाना बांगरमऊ क्षेत्र में लखनऊ–आगरा एक्सप्रेस वे पर वायुसेना के लड़ाकू विमानों की लैंडिंग/टच डाउन के अवसर पर भीड़ नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था हेतु संचार व्यवस्था की स्थापना की गयी। परिणामस्वरुप हरकुलिस विमान की लैण्डिग व सुखोई, मिराज, जगुआर लड़ाकू विमानों ने टच डाउन किया।

इस अवसर पर सेना और प्रशासन /पुलिस के उच्चाधिकारियों के साथ–साथ विशिष्ट महानुभाव भी उपस्थित रहे। कर्तव्य के प्रति समर्पण के लिये रेडियो निरीक्षक, उन्नाव को पुरस्कृत किया गया।

4. दिनांक 26/27.09.2017 की रात्रि में जनपद मेरठ में कार छीनने की सूचना जनपद नियंत्रण कक्ष को प्राप्त हुई। स0परि0/5497, सत्येन्द्र कुमार द्वारा शीघ्र नाकाबंदी कराकर चेकिंग में सहयोग किया गया। फलस्वरूप पुलिस मुठभेड़ में एक बदमाश घायल हुआ।

## नवम्बर/2017 की मुख्य गतिविधियाँ

उ0प्र0 पुलिस झण्डा दिवस दिनांक 23.11. 2017 को पुलिस रेडियो मुख्यालय पर गरिमामयी रीति से मनाया गया। इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक/निदेशक, दूरसंचार द्वारा विभागीय कार्मिकों को पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 का सन्देश पढ़कर सुनाया गया।



## आगामी गतिविधियाँ

1. नगर निकाय चुनाव 2017 की मतगणना: 01 दिसम्बर 2017

2. माघ मेला: 10 दिसम्बर 2017 से प्रारम्भ

3. दिसम्बर/2017 में पुलिस रेडियो कार्मिकों की विभागीय दक्षता प्रतियोगिता

## मुख्य ड्यूटियाँ

गुजरात विधान सभा चुनाव हेतु माह नवम्बर/2017 में 35 कर्मचारियों को ड्यूटी हेतु भेजा गया।

## कल्याणकारी कार्य

1. जीवन रक्षक निधि से 04 प्रकरणों में सम्बन्धित कार्मिकों को धनराशि उपलब्ध करायी गयी।

2. रेडियो मुख्यालय पर चिकित्सा प्रतिपूर्ति के 1580 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। वर्तमान में कोई प्रकरण लम्बित नहीं है।

3. दिनांक 01.01.2017 से 16 प्रकरणों में मृतक आश्रितों को सेवायोजित कराया गया। वर्तमान में कोई प्रकरण लम्बित नहीं है।

4. पुलिस रेडियो मुख्यालय के कार्मिकों एवं उनके परिवारों के लिए मुफ्त चेकअप के लिए दिनांक 29.11.2017 को निःशुल्क स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन प्रशिक्षण केन्द्र में किया गया जिसमें 144 कार्मिक लाभान्वित हुये।

5. पुलिस रेडियो प्रशिक्षण केन्द्र स्थित होम्योपैथिक चिकित्सालय में 452 कार्मिकों का उपचार नवम्बर/2017 में किया गया।

6. प्रशिक्षणरत 86 कार्मिकों के शारीरिक भार की दो बार माप करायी गयी है।

7. श्री सुनील कुमार सिंह, चतुर्थ श्रेणी कार्मिक की पुत्री के विवाह हेतु एक सिलाई मशीन क्रय कर उपहारस्वरूप दी गयी।

8. दिनांक 29.10.2017 को प्रशिक्षण केन्द्र सभागार में पीपीएस (सेवानिवृत्त)

अधिकारियों की वार्षिक आमसभा की बैठक सम्पन्न करायी गयी। इस अवसर पर मा0 राज्यपाल, उ0प्र0 का आगमन एवं सम्बोधन भी हुआ।

## आदेश, गोष्ठी एवं भ्रमण

### पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार की गोष्ठियाँ एवं भ्रमण कार्यक्रम

1. रेडियो मुख्यालय पर दिनांक 30.10.2017, 07.11.2017, 15.11.2017, 22.11.2017 एवं 28.11.2017 को साप्ताहिक गोष्ठियाँ आयोजित की गयीं एवं कार्य सुधार हेतु दिशा–निर्देश जारी किये गये।

2. दिनांक 01.11.2017 को रेडियो मुख्यालय पर 04 माह के ग्रेड द्वितीय कोर्स का शुभारम्भ किया गया।

3. दिनांक 27.10.2017 को मुख्यालय परिसर, 01.11.2017 को प्रशिक्षण केन्द्र परिसर एवं 20.11.2017 को जनपद इलाहाबाद का भ्रमण किया गया।

4. दिनांक 10.11.2017 को जनपदों से आये साईफर कोरियर्स की बैठक रेडियो मुख्यालय पर सम्पन्न की गयी तथा सभी को आगामी नगर निकाय चुनाव सकुशल सम्पन्न कराने हेतु दिशा–निर्देश दिये गये।





02 अक्टूबर को रेडियो मुख्यालय में गाँधी जयन्ती सादगीपूर्ण तरीके से मनायी गयी।

## रेडियो मुख्यालय के कार्यालय ज्ञाप

1. प्रशिक्षण गतिविधियों के सुचारु रुप से संचालन हेतु पुलिस महानिरीक्षक/निदेशक, दूरसंचार का कार्यालय ज्ञाप संख्या: आरएचक्यू–डीआईआर–सीए–4/2017 दिनांक 09.11.2017

2. राजपत्रित अधिकारियों द्वारा जनपद/इकाइयों के भ्रमण/निरीक्षण के दौरान ध्यान देने वाले बिन्दुओं के सम्बन्ध में पुलिस महानिरीक्षक/निदेशक, दूरसंचार का कार्यालय ज्ञाप संख्या: सीए/डीजी–1(32)/2017 दिनांक 21.11.2017

## तकनीकी स्तम्भ

ABBREVIATIONS

| | |
|---|---|
| HCS | Hierarchical Cell Structure |
| HDSL | High Bit Rate Digital Subscriber Line |
| HSPA | High Speed Packet Access |
| HetNet | Heterogeneous Network |
| SONET | Synchronous Optical Network |

## विविध

### पुलिस झण्डा दिवस–2017 के अवसर पर पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 के सन्देश के मुख्य अंश

23 नवम्बर 1952 को भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जी द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस एवं पीएसी को पुलिस ध्वज प्रदान किया गया था। यह तिथि उत्तर प्रदेश पुलिस के लिए ऐतिहासिक महत्व का दिन है, साथ ही यह पुलिस ध्वज हम सभी के गौरवशाली अतीत का जीवंत प्रतीक भी है।

वर्तमान बदलते परिदृश्य एवं उन्नत तकनीक की सुलभता के युग में अपराध एवं अपराधियों से निपटने के लिए हमको नित नई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। हमारे प्रदेश की पुलिस इन चुनौतियों का डटकर मुकाबला करते हुए अपराध नियन्त्रण, कानून व्यवस्था कायम करने के साथ–साथ पीड़ित आम जनता के व्यक्तियों के पास सहायता हेतु द्रुत गति से पहुँचकर उन्हें राहत पहुँचाने का काम पूरी कुशलता से कर रही है। इसके साथ ही साइबर अपराध, आतंकवाद, साम्प्रदायिक उन्माद एवं आन्तरिक सुरक्षा जैसी चुनौतियों का भी दक्षतापूर्वक सामना कर पा रही है।

पुलिस संगठन में भी थाना/चौकी से लेकर प्रत्येक इकाई के मुखिया को ऐसे उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिए ताकि उनके अधीनस्थ प्रेरित होकर सदैव अच्छे एवं सराहनीय कार्य करें।

प्रदेश पुलिस को आधुनिक तकनीक के संसाधनों एवं अस्त्र–शस्त्रों आदि से सुसज्जित किया जा रहा है, साथ ही जनशक्ति बढ़ाने की ओर भी सार्थक प्रयास किये गये हैं। इसी क्रम में आपदा प्रबन्धन हेतु, एस.डी.आर.एफ. का गठन किया गया है, ए.टी.एस. में विभिन्न प्रकार के पद सृजित किये गये हैं तथा लखनऊ मेट्रो की सुरक्षा हेतु पद सृजित किये गये हैं। पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 के प्रशंसा चिन्ह की संख्या प्रतिवर्ष 200 से बढ़ाकर 950 करते हुए तीन श्रेणियों (रजत, स्वर्ण एवं हीरक) में विभक्त किया गया है। कर्तव्यपालन के समय हुई हिंसा के फलस्वरूप मृत्यु होने पर मृत कर्मी के आश्रित को दी जाने वाली अनुग्रह धनराशि रूपया बीस लाख को बढ़ाकर चालीस लाख तथा मृत कर्मी के माता–पिता को दी जाने वाली धनराशि रूपया पॉच लाख को बढ़ाकर दस लाख कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त पौष्टिक आहार भत्ता बढ़ाये जाने हेतु माननीय मुख्यमंत्री, उ0प्र0 द्वारा घोषणा की जा चुकी है।

यह परम सौभाग्य की बात है कि पुलिस जैसे बल में आकर हमको कमजोर व पीड़ित व्यक्तियों को न्याय दिलाकर उनकी मदद करने का अवसर मिला है। इसलिये हमें गर्व के साथ धैर्यपूर्वक न्यायपूर्ण कार्य करते हुए पुलिस विभाग की छवि उज्जवल करनी है और इस पुलिस ध्वज की गरिमा बढ़ानी है।

हम सभी को यह संकल्प लेना चाहिए कि हम अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी सत्यनिष्ठा व ईमानदारी के साथ करेंगे, सभी पीड़ित जन को पूरी संवेदनशीलता, शालीनता और निष्पक्ष दृढ़ता के साथ विधि सम्मत न्याय दिलाने में पूर्ण सहयोग करेंगे।

पुलिस विभाग के वीर जवानों के शौर्य, कर्तव्यपरायणता एवं उत्कृष्ट कर्तव्यनिष्ठा के फलस्वरूप ही भारत के

प्रथम प्रधानमंत्री जी द्वारा सर्वप्रथम उत्तर प्रदेश पुलिस को पुलिस ध्वज प्रदान किया गया था। अतः मैं आप सभी से यह अपेक्षा करता हूँ आप सभी इस गरिमामयी उपलब्धि का गौरव बनाये रखेंगे और अपने संवेदनशील व शौर्यपूर्ण कर्तव्यनिष्ठा से ऐसे अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करेंगे, जिससे अपने वाली पीढ़ी को प्रेरणा मिले और उत्तर प्रदेश पुलिस के स्वर्णिम इतिहास में नित नये आयाम स्थापित होते रहें।

**सुलखान सिंह,**
**पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0**

## प्रशिक्षण गतिविधियाँ

उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो प्रशिक्षण केन्द्र में चार–चार माह के दो विभागीय प्रशिक्षण कार्यक्रम क्रमशः दिनांक 01.09.2017 एवं 01.11.2017 से संचालित हैं।

## सेवानिवृत्ति

सेवानिवृत्त होने वाले सभी कार्मिकों को परम्परागत रुप से पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार द्वारा हस्ताक्षरित सम्मान–पत्र से सम्मानित किया जाता है।



निम्न कार्मिक नवम्बर 2017 में अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए–

1. रेडियो उप निरीक्षक, श्री ताहिर हुसेन
2. रेडियो उप निरीक्षक, श्री सै. इरफानुद्दीन अहमद
3. रेडियो उप निरीक्षक, श्री शिवशंकर मदनावत
4. रेडियो उप निरीक्षक, श्री नागेन्द्र सिंह
5. रेडियो उप निरीक्षक, श्री मो. शमीम अहमद
6. रेडियो उप निरीक्षक, श्री अब्दुल लतीफ खाँ
7. प्रधान परिचालक 369 श्री रामचरन
8. प्रधान परिचालक 264 श्री चतुर्भुज
9. प्रधान परिचालक 3041 श्री फुल्लर हरिजन
10. प्रधान परिचालक 2967 श्री राजाराम
11. सन्देशवाहक, श्री रामेश चन्द्र सविता
12. मेस अनुचर, श्री श्याम लाल

लखनऊ में नियुक्त सभी कार्मिकों को स्वयं पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार द्वारा सम्मान–पत्र दिया गया।

## असामयिक निधन

1. सहायक परिचालक श्री नरेश भार्गव, नियुक्ति पीएसी मुख्यालय का दिनांक 10.11.2017 को असामयिक निधन हो गया।
2. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री कुँवर किशोर नाथ श्रीवास्तव, नियुक्ति रेडियो मुख्यालय, लखनऊ का दिनांक 17.11.2017 को असामयिक निधन हो गया।

## खेल–कूद

07 दिसम्बर 2017 से उ0प्र0पु0 की 61वीं वार्षिक टेबल टेनिस एवं बैडमिण्टन प्रतियोगिता जनपद इलाहाबाद में प्रस्तावित है।

## मील के पत्थर

उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो मुख्यायल की महानगर, लखनऊ में स्थापना से सम्बन्धित निम्न शिलापट्ट पुलिस रेडियो के इतिहास में मील के पत्थर हैं–










सम्पादन एवं डिज़ाइन– श्री सत्य प्रकाश सिंह, उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) एमसीआर। सहयोगीगण–श्री ब्रजेन्द्र भारद्वाज, सहायक रेडियो अधिकारी, श्री वी0के0 वर्मा, रेडियो निरीक्षक एवं श्री अनिल कुमार श्रीवास्तव, रेडियो उप निरीक्षक। डिज़ाइन सहयोग– श्री अजय कुमार सोनकर, प्रधान परिचालक।

मुद्रक – शिवा PRESS ☎ 95989 666 88 KAPOORTHALA, LUCKNOW

प्रतियाँ – 200